वासना की लत से मेरे संगीतपर कोई परिणाम नही हुआ था। यह सच है। प्यार का धागा हाथ में पकडकर दक्षिण के विजय का हासील करने के पहले मैने मुंबई में थेडे समय के लिए संगीत दिग्दर्शक की नौकरी की थी। यह नौकरी सिनेमा के बाहर की सृष्टी थी। इसका जीक्र करना यहां जरुरी है।

रेनबो नामकी एक ध्वनिमुद्रीका तयार करनेवाली संस्था थी। उस संस्था में मैने नौकरी की। दशक से चाल तयार की। उसके प्रसिध्दी के लिए योग्य ऐसा पार्श्वसंगीत दिया। गायक और गायीकाओं से वह चाल सुरुची रुपसे गाने को बाध्य किया। न ही कहा जाये फिर भी इस संगीत के काम के लिए जो अनुभव आना चाहिए था वह आया। सुप्रसिध्द संगीत दिग्दर्शक श्री नौशाद यह भी उस समय उसी संस्था में थे। मेरे सरीखा ही उद्योग करते थे। उस आदमी की बुध्दी बहुत ही चाणाक्ष थी। वह दिन मे ग्यारह ग्यारह गाणे ध्वनिमुद्रीत करता था। सराईत बावर्ची ने तडाके से पुरी तल लेंना ऐसेही वह ग्रामोफोन की तबकडी तडातड फेंकता था। मेरी गती उस मायने में कम थी। दिन में तिन गाणे रेकॉर्ड के बाद मैं दम जाता था। उस समय हमे रोज मिलता था केवल सात रुपये।

क्यों न जाने उस समय का तकाजा बेकारी सरीखा ही लगता था। उस बेकारी से निपट ने के लिए मै पुणा में आया। नारद-नारदी इस मराठी सिनेमा का सहाय्यक संगीत दिग्दर्शक हुआ। बीच में ही मद्रास की यात्रा की और जखमी दिलसे और सुरक्षीत शरीर से वापस आया।

सरस्वती सिनेटोन यह दादासहाब तोरणे की संस्था। सिनेमा नारद-नारदी दिग्दर्शक विश्राम बेडेकर, संगीत दिग्दर्शक श्री सदाशिव राव नेवरेकर और सहाय्यक मै। इस जगह पर भी मुझे काम करने की बहुत जगह मिली।

सदाशिवराव के सौजन्य से बांधी हुई कुछ चाल भी इस सिनेमा में जैसे की वैसी आयी।

सदाशिव हर चाल करते समय बडे ही आस्था से मेरा सहाय्य लिया करता। मुझे किंमत देता था।

सांज हुई, चांदनी रात आयी, ऐसी सुबोध सिनेमा की मेरी चाल अभि भी याद आती है।

'ऐसी कैसी मिशी साजनी की काटा तुझे लगेगा ग' यही उस सिनेमा की एक नखरेल तर्ज। मै आज भी बडे शौक से गाते रहता हुं। यह चाल भी मैने बनाई।

यह एक दो चाल को मैने संगीत दिया है। उस सिनेमा का हर एक गीत का पाश्वसंगीत व वाद्य मेल बिठाने का मौका मुझे मिला।

बडे जोरो से काम करने का मौका मिला। काम का कैफ भी बडा सामर्थ्यवान था। रात को पि हुई दारु दुसरे दिन साफ उतर जाती है। मेंदु में ढली हुई चाल हप्ते हप्ते आदमी को धुंद में रखती है। वाद्य अबोल हो जाते है। बैठक खत्म होती है। लेकीन स्वर शरीर में मुंगी चढतं सरीखी मस्तक में चढते ही रहती है। प्रेम दिवाना और संगीतकार इनकी अवस्था में नलदीक पास सरीखी होती है। मै कोई शायर नही पर अनुभव की सच्चाई को पुरावा रखकर छाती ठोक कर कहता, प्रित से कोई कम नही, बेहोषी संगीत की।

पुणा में मै इस उद्योग मग्नता के समय तो वासना ने मेरा पिछा छोडा बोले क्यां? नही नारद नारदी में करणेवाली में से एक ने अपने यौवन की ओंर खिंचा। प्रेम के प्रकरण में मैने इतना मार खाया था की उस आकर्षण को अपेक्षीत फल नही मिला। मेरे मनमें का प्रेम संपुष्ट में आकर बर्फ हो गया था। उर्जा की जिज्ञासा से लेकिन मात्र वह पिघला नही।

पुणा का कांम खत्म हुआ। आगे क्या? इस प्रश्न का उत्तर देणे के लिये भगवान पुना में आया। और कहने लगा, अण्णा चलो।

कहां?

मद्रास।

मैने मद्रास का धक्का खाया था। उस शहर से बहोत बे आबरु होकर तेरे कुचे से निकले हम इस शेर का सच्चा शेर होकर मेरे सामने गिरा हुआ था।

भगवान बोला, मुझे एक पिक्चर मिली है वहां।

प्रोड्युसर कौन है? मैने पुंछा।

वही।

वह ही याने?

जयकोडीवाला विश्वनाथ।

बाप रे।

क्यों?

भगवान ने प्रश्न पुंछा। मेरे आंखो के सामने के ।टी ।रुक्मिणी, उसकी मां उस रात में सारा नजारा मेरे सामने आया। मै कुछ समय चुप बैठा। व्यवसाय में ऐसे मानापमान और छोटा बडा ऐसा संभलकर नही चलना होगा। यह विवेक मुंझे मालुम पडा।

'जाऐंगे' मैने कहां।

भगवान ने कहां, एक शर्त है।

किसकी?

प्रोड्युसर की।

क्या अट है उसकी?

बुरा नही मानना।

भगवान का स्वभाव विनोद का था। लेकिन उसकी आंख्रो में अलग भाव थे। गंभीर हुआ। हलके आवाज में वह बोला। अण्णा को संगीत दिग्दर्शन देता हुं, लेकीन।

लेकीन क्या?

उसने काम करने का नही।

करने का नही?

हां।

कौणसा?

हिरोईन से प्रेम।

अरे प्रेम कोई करता है क्यां? वो तो होता है। मुझे कुद प्रेमवीर वगैरे होणे का कोई महत्वकांक्षा नही थीं। मुझे होना था यशस्वी संगीत दिग्दर्शक उस निर्माता को बोलो। ऐसे तैश में भगवान को कहां, 'मै मेरे संगीत के हिसाब से रहुंगा' बाकी बातो पर झुककर भी नही देखूंगा।

फिर हुआ?

तो तय हो गयी बात। भगवान उत्तेजीत स्वर में बोला। और हमने मद्रास की ओर प्रस्थान किया।

भगवान दक्षीण की ओर जाकर दिग्दर्शन करनेवाला था। उस सिनेमा का नाम था 'वन मी हिन्नी' उस कहानी में प्रमुख्र भूमिका थी जानवर की, हत्ती की। वह हाती मद्रास के स्टुडीओ में आना तय नही था। उसके चित्रण के लिए पुरी टीम एक जंगल में जाकर स्थाई होनेवाली थी। नगर क्या और जंगल क्या? काम मिलता है तो उसके लिए जाना जरुरी था।

हम मद्रास गये। उस विश्वनाथ से मेरा करार हो गया। करार में उसने नायिका से कोई भी हरकत करने की मर्यादा नही डाली थी। यह उसका सौजन्य था। मेरे सभी कामो का मानधन पांचसो रुपये में निश्चीत हुआ था। और हम उस जंगल की ओर मुडे।

अर्नाकुलम से पैतीस मैल पर वह जंगल था। उस टेकडी के वन प्रदेश में हमारी रहने की व्यवस्था एक ख्रिश्चन शिकारी के मकान में की गयी। उस बस्ती का नाम तोडुपडा था। उस ख्रिश्चन शिकारी का अभिधान था, डब्ल्यु। जे।जॉन। वह जॉन सहाब था काला सांवला, गड्डु, हुस्सु लेकिन बहुत ही बलवान। उडते पंछी को गोली से माने का करतब उसने कमाया। पुरे मालाबार भर में जगह-जगह उसका चाय कॉफी, वेलदोड का बगीचा थे। हम उसकेमकान में उपर रहने गये। तब उसे बहुत खुशी हुई। समधी ने दुल्हे के पक्ष का स्वागत करना चाहीए वैसा स्वागत उसने किया। अपने इस बाडे में हमें अलग अलग कमरे दिये।

ग्रीष्म ऋतु चल रहा था। शायद अप्रेल महिना होगा। हम आऊट डोअर चित्रण के जाते थे। सही तो संगीत दिग्दर्शक को चित्रण की जगह जाने की वैसे कोई आवश्यकता नही थी। लेकीन सिनेमा का दिग्दर्शक भगवान था। मेरा जान से प्यारा दोस्त। उसे सहयोग करने में मुझे बहुत आनंद मिलता था। मै उसके साथ सहाय्यक की दृष्टी से भी काम करता। कॅटमार्क मारणा, रिफ्लेक्टर्स पकडना यह उद्योग दिल से करता था। गाणे को चाल बिठाने का काम इसके साथ में चालु ही था।

हवा में कोई तर्ज बनाना मुझे पसंद नही था। गीत सामने रहने के बाद मुझे तर्ज ख्रुदबख्रुद समझती थी। हिन्दी मराठी की कहानी अलग उन भाषाओं के अक्षर मेरे पहचान के थे।

तामील तथा तेलगु के लफडे और भी कठीन। उस कवी ने आके गीत का छंद और अर्थ मुझे समझा देना तब उस गीत की तर्ज मेरे दिमाग में सरसर करती हुई जागृत होती थी।

कवीकी ओर से गीत हाथ मे आया तो मै अपने रुम रुकता था। तर्ज बनाते बैठता था। फिर भी मुझे भगवान के टीम के साथ शुटींग को जाना मुझे अच्छा लगता था। निर्माता से अलिख्रीत करार के नुसार मै बहुत ही अपने बस में होता था। कोई भी महिला की ओर तिरछी नजर से देख्रने के लिये बचता था। नायिका को जाल में फंसाने का सवाल ही पैदा नही हुआ। उसने ख्रुद ही अपने प्यार का स्थान पक्का कर लिया था। वह आते ही मै और भगवान इनके पीछे में बैठते थे। हमारे दोनो के हात अपने ही हाथ से ख्रींचकर ख्रुद के दोनो ख्रंदे पर लेते थे। मै उसे क्या फंसा सकता था। वृक्षपर का पीला हुआ फल किसी के उर्जा की राह थोडे ही देख्रती है। उस तवमर्णी देवी को तर्ज बिठाया। मद्रास जाकर वह ध्वनी मुद्रण किया। भगवान वह गीत का चित्रण करने लगा।

जॉन सहाब धनवान था। शिकारी तो था ही लेकिन बहुत ही मद्यपी भी था। वह अपने घरमेंही देशी दारु निकालता था। बाजार की दारु उसे अच्छी नही लगती थी। व्हिस्की, ब्रँडी, जिन यह असली दारु ख्रुद ही मुझे और भगवान को देता था। जंगल की रात बेहोशी से तर होती थी। तोडुपुड्या के मुक्काम में मैने जितनी चाही उतनी दारु पी ली।

मेरा दिमाग पाणबुडी के समान मद्यसागर के पेट में ही घुमते दिख्रता था।

जॉन सहाब की और हमारी दोस्ती बहुत घनिष्ट हुई। मेरे पतले मृतप्राय शरीर को अच्छा खासा आकार मिला। उस मलबारी जंगल का वनवास मेरे लिए लाभप्रद प्रतीत हुआ। मे महिने छुट्टी में, कॉलेज में पढनेवाली जॉन सहाब की चार युवा लडकीया घर आयी। सिनेमा में काम करने वाले कलाकारो के विषय में उनको आकर्षण था। वह आते से ही हम में मिक्सअप हुये। शुटींग देखने के लिये आने लगे। संवाद करने लगे। उत्साह से कई प्रश्नो की बौछार करने लगी। कॉलेज के जीवन के प्रसंगो को बतलाने लगी।

हमारी एक चौकडी थी। भगवान मै भगवान का सहाय्यक राजाराम गोलतकर और एक फोटोग्राफर अहमद उल्ला। वह चार लडकीया देखते देखते हम पर फिदा हो गयी। हरेक ने जैसे एक को चुना हो। वह चारों शुटींग की जगह हमारे लिये खाने के डबे लाने लगी। बटमोगरा के आपदमस्तक जानेवाला सर हमें भेट में देने लगे। मेरी दोस्त आनंद से पागल हुई। लेकिन मेरा साहस बढ नही रहा था। वह जॉनसहाब बहुत ही प्यारा आदमी था। मद्य के ऐन मध्य में वह मेरे खंदे पर हाथ रखता और आंखो में पानी लाकर कहता। मुझे एक बडा लडका था। वह जिन्दा होता तो मेरे इतना होता।

जॉन सहाब के शब्द तथा मेरा पुर्व प्रेम इतिहास मुझे सामने नही जाने देता था। लेकीन जॉन की एक लडकी मेरे पीछे पीछे होती थी। उसे कुछ देना था। लेकिन मुझे लेने के लिए मेरे हाथ खुले नही थे। मेरे मन को हमेशा लगता था की उस लडकी ने भी ऐसा बर्ताव नही करना चाहीए। मेरा कहना ठीक ही था। निर्स की ताकद अपने गुलामों को अपने गती से गाडी को जोतकर चला रहे थे उसे कौन क्या करेगा।

बिच में एक बार कोचीन के उस समय के राजपुत्र ने हमे खाने का न्योता दिया। जॉन सहाब के गाडी में हम गये। उनके यहां भोजन हुआ। वापस लौटते समय रात हो गी। शायद ११ बजे होंगे। अलबाई तक आये और कभी सोचा भी नही था ऐसा तुफान आया की पुंछो मत। भरी वर्षा होने लगी। बिजली की कडकडाट बहुत ही खौपनाक थी। राह के पडे तुटकर जमीन पर गिरने लगे। गाडी चलाना मुश्कील हो गया था। उस में जॉन सहाब की एक आंख कमजोर थी। उसने सामने का ठीक से दिखता नही था। हम सभी घबरा गये। लेकिन दारु के नशे में चुर जॉन सहाब बहुत ही खुषी से कहता था। धिस इज द वाईल्ड ब्युटी ऑफ मलबार।

उस भयानक निसर्ग के सौंदर्य ने हमारे शरीर मे कंपन पैदा कर दिया। एक नदी के ऐली ओर गाडी रुक गयी। सामने की नदी को महापूर आया था। उपर से बारीश हो रही थी। जंगल ही जंगल था। अब क्या करना।

जॉन सहाब बोला कांच बंद कर दो और लडको सो जाओ। बचे तो हम जायेंगे।

वह भयानक रात कैस काटी यह हम को हमारा मालूम। केवल छः मैल जाने के लिये हमे तेरा घंटे लगे। जैसे तैसे धड शरीर और तुटे हुये दिल को लेकर तोडपुडे में जाकर पहुंचे रस्ते में गीरे हुये पेड को कुल्हाडी से तोडकर बाजू में करने का काम जॉन को जगह जगह पर करना पडा। उस वयस्क की हिम्मत से हम युवा बहुत ही प्रभावीत हुये। मुझे फालतु ही लगता था की, जॉन के लडकी के स्वतंत्रता का फायदा लेना याने पागल सा लक्षण होगा।

तोडुपुडे में आते ही फिर प्रेमाध्याय को शुरुवात हुई। वह चार कन्यका हम चारों की प्रेमाराधना करने लगी। उनके स्वभाव का फायदा लेने के लिये कोई भी उद्योगी हिचकिचाता न था। लेकिन हम डर गये। उनकी दाद को किसी ने भी प्रतिदाद नही दी।

हमारी शुटींग खतम हुई। उनकी छुट्टी भी खतम हो गयी। वह चारो हमारे साथ रेल से निकली। जॉन सहाब साथ में नही था। उसने हमे बिदा किया। तब उसकी आंखे नम हो गयी थी। शब्दो में द्रवता थी।

मै और जॉन की दो नंबर की लडकी एक डबे में थे। बाकी लडकीया दुसरी ओर थी। वह जिधर ज़गह मिली उस डबे में बैठ गये। मेरे तीन दोस्त उनके आस पास थे। जॉन की वह लडकी आज बहुत ही सुंदर दिख रही थी। थोडी सी सांवली शरीर से दृष्टपुष्ठ बडीबडी आंखे, लाला रंग से रंगाये गये ओंठ, शुभ्र दांत मिनलसार हंसी। पाश्चात्य व्यक्ती ओर के कपडे, वह युवती युवावस्था से मस्त थी। प्रेम के लिए तत्पर थी। वैसे हम भीड में थे। हमारे चारो ओर बाकी प्रवासी थे। उसे लगता था। उस डब्बे में दोनोही है। लंबे बालवाली हुई अपने पानीदार आंखो से मजेदार अदाये करती वह बोली। 'राम'इस आवाज की प्यार मुझे पुर्ण् रुप में अवगत हुआ। मैने सीर्फ हुंकार दिया। वह बहुत बोली, संयम से बोली। उसको मुझसे शादी करनी चाहीए थी। मैने हां नही कही। वह युवा थी, अमीर थी। सुदृढ, सुंदर थी। मै गरीब था। अनेको ने मुझे पाला था। पहले मैने एक अस्पृश्य लडकी को खुद शादी का इजहार किया था। अब यह खिश्चन लडकी मुझे खुद शादी इजहार कर रही थी। उसकी मांग मैने तुकरा दी। इस बार मै नही फंसा। एक हुआ की अनजाने में मैने एक जीव को फंसाया। उसे निराश किया। खुद अपंग हुये व्यक्ती ने एक पंछी का पर दुःखीत किया। उसे कब्जे में रखा।

वनमोहिनी सिनेमा का शुटींग खतम कर मुंबई में आर्या जॉन के मकानपर हमने जर्ल हार्बरपर हमला हो गया यह वृत्त पढा। और मुंबई में आने के बाद युध्दवार्ता से व अखबार के कॉलम के कॉलम युध्द वार्ता से भरे हुये थे।

निसर्ग के वरदान से संपन्न दिखनेवाला वह मलबार प्रांत। वह घना जंगल एक पहाडो के निचे बसा जॉन सहाब का बंगला। उसका फेमस मद्यार्क हिरण केसमान भोली आंखो से आसपास दिखनेवाली फुलो से प्यार करनेवाली लडकीया।

मुंबई मे पहुंचने के बाद यह सब भूलना पडा। भूलते भूलते नही तो वह दिल से मिटाना पडा।

दादर तविभाग में मसालेवाले बेडेकर के मजले पर मेरी खोली थी। वहां भी मै अकेला नही था।

मेरे समान और तिनचार ब्रम्हचारी थे। हर कोई अपनी अपनी जगह नोकरी कर रहा था। पेटे को पालता था। कोई कारकुन या कोई हिशोबनीस था। तो कोई पढाई कर रहा था। एक रात मेरे सिवा यह भी सिनेमा देखने चली गयी। मै अकेला ही रुम पर था। कल क्या करणा हैं? वह सनातन गीत सादापढकर तर्ज के सीवा ताल के सीवा दिलके दिल में बोल रहा था। बहुत रात हुई लेकिन नींद नही आती थी। आधी रात में वह सारी जनता वापस आयी। आते से ही वह सोये नही। उनमें सिनेमा चढा हुआ था। उसमे के एक गाणे ने उन्हे पछाडा था। वह सभी मेरे चारो ओर जमा हुये। मै नही नही कहते पहले तो सिनेमा की कहानी सुनाई। शांताराम इस बडे दिग्दर्शक के नाम का बडप्पन किया। और फिर सभी ने एक सुर मे उस सिनेमा का ध्येयगीत गाणे को प्रारंभ किया।

अब कहां कल की बात?
देख दुर हो रही रात
चाहे उतनी पीये
रसरंग नया।
चल डुब जाये प्रेम में।

उन्होने गाणा याद किया था। उसकी तर्ज अपने इच्छा की माफक बोलते गये। क्यों क्यों यह शब्द अलग अलग शैली से गद्य में उतार ते थे। सुबह हुये तक उनका धिंगाणा शुरु रहा। क्यों कल की बात सुनते सुनते प्रत्यक्ष में कल सामने आ गया।

मै उस कलकी चिंता में था। उनको क्या सुनाया जाय इस फिराग में था।
वह हो गया था। कुछ तो भी होना चाहीए था लेकीन कोई धागा जुड नही रहा था। सिर्फ क्यो कल की बात कहकर कुछ हासील होने वाला नही था। कुद तो भी बहुत बडा कार्यक्षेत्र मिलना चाहीए था।

एक दोपहर मैं अकेला ही रुम पर था। मुंबई की धुप पसीना परेशान कर रहा था। बिछानेपर पडा पडा खुद से ही हंसता था। मुझे कुछ याद आ रहा था। उस याद के बंदर की तुलना करते समय मुझे हंसी आ रही थी। वह हंसी प्रसन्नता नही थी। खुद की बदनामी करणेवाली थी।

तोडुपुडे को जाने के पुर्व कुछ दिन हम मद्रास में रुके थे। उस विश्वनाथ नामके निर्माता के यहां हमारा मुकाम था। उसके निवास के पिछे छोटासा बगीचा था। उस उद्यान में एक लाल मुंह का बंदर था। विश्वनाथ ने उसे बडे प्यार से पाला था। वह हमेशा एक पेड के डाली पर बैठा हुआ दिखाई देता था। उस पेड को एक लंबा सा चमडे का पट्टा बंधा हुआ था। उस पट्टे का आखीर का टोक उस बंदर के कमर में बांधा हुआ था। दोपहर में विश्वनाथ का नौकर पिछे के आंगण में आता था। एक बियर की बोतल फोडकर वह एक ग्लास में भरता था। वह प्याला वह पेड के हरियाली पर जाके रखता था। उस बंदर की दृष्टी उसपर पडते ही वह बंदर चमडे का पट्टा छोडकर व निचे उतर आता था। वह बियर का प्याला बडे प्यार से पस्त करता था। फिर से वह झाड पर चढ जाता। पट्टे का बकर फिर से अपने कमर में लटकाके खुद ही अपने जगह पर बैठ जाता था। फिर उसकी अनगीतन लिला चालु होती थी। वह केवल देखने में भी मस्त लगता था। और समय व्यतित होता था।

मेरा ऐसा ही कुछ चल रहा था। उस मानव जाती के पुर्वज में और मेरे में कोई फर्क नजर नही आता था। मै भी ऐसे शौक को अपने छुडाने की कोशिश कर रहा था। और फिर किसी तो भी प्रशन के गुंथे में खो जाता। मेरे जिंदगानी में मैने कुछ भी हासील नही किया था। विश्वनाथ के बंदर के समान मैं एक पेड के दंडल पर जाकर बैठता था। जो याद आते वैसी हरकते करता था।

उस बंदर से मेरी खुद की तुलना कर हंसता था। इसी समय किसी ने दरवाजा खट खटाया। मै उठा। कडी निकाली, दरवाजा खोला। देखता तो भगवान दादा। वह मेरे लिए और नया काम लेकर आया था। उसे वह जम गया था। मैर उसके हिसाब से बहुत ही कम था।

काम मिल गया अन्ना "अपने कू" भगवान सही में मराठी आदमी। वह अपनी एक खुद की स्वतंत्र भाषा बोलता था। हिन्दी निर्माता के सर पर भी वही मंद देता था।

भगवान कौनसा कौनसा काम मिला? मैने पुंछा।
एक पिक्चर मिल गया।
कहां?
यहां मुंबई में।
किसका?
हरिश्चंद्रराव कदम।
वह सिफ्र तुझे मिला? मुझे क्या काम? मैने निराशा व्यक्त की।
क्यों?
कदम का संगीत दिग्दर्शक है हमेशा का ही।
कोण?
"शेबीन चतर्जी "

नही यार हमने कहा हरिश्चंद्रराव से म्युझिक अन्ना को मिलेगा तो हम काम करेगा। नही तो नही। उसको मानना पडा और मैने भी भगवान को माना।

भगवान को क्या धन्यवाद दुं। कुछ सुझ नही रहा था। वह अकेले को काम मिले इसके लिए नही तो मेरा भी हिस्सा तय करता था।

भगवान की कृपा से मुझे हिन्दी भाषा का प्रथम ही सिनेमा संगीत दिग्दर्शक के लिए मिला। उस सिनेमा का नाम था "सुखी जीवन" नाम में अथ था। मेरा जीवन बह रहा था। लेकीन उसको सुख की किरण कही नजर नही आ रही थी। सुखी जीवन के लिए मैरे पहलेही तर्ज चलाई। वह एक भारत विख्यात गीत को डॉ।महंमद इक्बाल इनका यह गीत था।

"सारे जहां से अच्छा हिंदोस्ता हमारा "

हरिश्चंद्रराव कदम का हिन्दी सिनेमा सँगीत योजना के लिए मेरे तरफ आया तब लगा की अब "सा" लग गया। बचत से किए हुये कर्तव्य को यशोमार्ग मिला। अब मेरे जीवन की बैठक जमे और गाने को रंग आना चाहीए।

हरिश्चंद्रराव यह कसा अ़ा आदमी था। मेरे में कुछ अलग कौशल्य है। यह उसने जान लिया था। स्टुडियो मे आये मेहमानो से वह मेरा परिचय करा देते थे। एखाद आत्मसंतुष्ट सासू माँ ने अपने नवनवेली दुल्हनपर गुणी बहु की जगह-जगह तारीफ करती है वेसे ही हरिश्चंद्रराव मेरी तारीफ करते थे। मैने रची तजै के गीतो को वह बार बार सुनाने को कहते। मुझे भी स्फूर्ती मिलती थी। प्रत्यक्ष मैने ही उत्साह में गाने लगा की मैने ही बांधी हुई तर्ज में से एखाद नई तर्ज आपही आप नये से उभर आती थी। सुनने वाला वाहवाह करता था। हरिश्चंद्रराव प्रसन्न तो होते थे लेकीन मुझमें भी उत्साह पैदा करते थे।

होते होते मेरी तर्ज का लौकीक संपुर्ण व्यवसाय में हुआ। सारे जहां से अच्छा हिंदोस्ता हमारा इस गाणे की ध्वनी मुद्रन के लिए मै खडा हुआ। बजाने वालो का जथ्था सिध्द हो गया। गायक ने स्वर जमाया। अब ध्वनीमुद्रन का कार्यक्रम को शुरु होने ही वाला था की, इतने में नवल चतर्जी, अनिल विश्वास, डी।पी।कोरगांवकर यह उस समय सभी श्रेष्ठ संगीतकार सभागृह में उपस्थित हुई। मै क्या करता हूँ यह देखने के लिए यह सब लोग आये थे। मेरा दिल थोडा दबा हुआ सा हुआ। अनिल विश्वास इस संगीत दिग्दर्शक के विषय में मेरे मन में बहुत आदर था। हिन्दी संगीत में पाश्चात्य संगीत को बेमालुम मिलाना उनके बाये हाथ का खेल था। संगीत शास्त्र को देश काल की सीमा का कोई बन्धन नही यह जानकर उन्होने मधुरता से सुनी जानेवाली तर्ज ने फिर से स्थापित किया था। हार्मोनियम का तंत्र भी उन्होने सीख लिया था। एक अर्थ से मै अनिल दादा का शार्गी था। प्रत्यक्ष भलेही न हो लेकीन उनके तर्जो ने मुझे बहुत कुद सिखाया था। मेरा गीत ध्वनीमुद्रीत होते समय अनिलदा सखीखे बडे संगीत दिग्दर्शक ने उपस्थित रहना मेरे लिए एक सुयोग की बात थी।

मै थोड डर सा गया था। लेकीन उन बडे संगीतकारों के खुले बर्ताव से थोडेही देर में मुझे आश्चर्य में डाल दिया। सारे जहां से अच्छा यह गीत संघगीत था। दस बीस चुवा युवती इस गीत का धृवपद उठाते थे। गीत की अंतिम परिक्षा शुरु हुई। सुर कैसा आता है यह देखने के लिये मै ध्वनिमुद्रक के काच बंद घर में गया। सहकारी ने तीन अंक गीणे, वाद्य मेला शुरु हो गया। गीत सुनने को आने लगा। गीन का प्रवाह धृव पद पर आ गया। और मुझे झटके सरिका लगा। संघगान में कोई गायक अलग स्वर लगा रहा था। मेरे कानों के वह अलग सा लगा। वह अलग स्वर भी प्यारा था। शास्त्र के बाह्य था। लेकीन कान को मिठा लग रहा ाा। मैने गाना रोका। दौडते ही बाहर आया, अनिलदा चतर्जी, गोरगांवकर यह सभी उस संघ गाणे में शामील हुये थे। तो वह स्वर अनिलदा का था।

अच्छा लगता है न तिव्र नीषाद? अनिलदा ने कहां। मै योजना के मुताबिक मेरे राग में वह तिव्र निषाद योजना का कोई भी इरादा नही था। अनिलदा के मुंह से वह मिठा लगता था। गाणे के प्रांत में जरीकी चमकिली रेखा और खिंची जा रही थी।

चलेगा ना? अनिलदा ने मेरी और छोटा आदमी की लगब में मुझसे पुंछा "ना दादा ना" मैरे कहां। अनिलदाने जिद्द नही की। उनकी सुचना सुंदर थी। लेकीन ग्राह्य थी ऐसा भी नही। उस स्वरुप के स्वर से गीत और भी मनोहर हो रहा था। लेकीन उस एक ही स्वर से गीत में अडथडा हो रहा था। सिनेमा यह बोल चलकर जन-कला। सुबोधता और सौंदर्य इन दोनो तत्वों का मेल मिलाप के सिवाय उसका रथ नही चल सकता था। मेरा मत यह नम्रता से अनिलदा के कानो में डाला। उन्होने भी यह मन:पुर्वक कबुल किया।

" सारे जहां से अच्छा हिन्दोस्ता हमारा" यह गीत ध्वनी मुद्रीत हुआ। मै संगीत की दुनिया में सिनेमा सृष्टी में नवाजा गया। पुरा बचपन नागपुर में जाने की वजह से माँ की अपेक्षा मौसी का प्यार मुझे अधिक था। मराठी की अपेक्षा हिन्दी से मेरा मीलन अधिक जमता था। मै मराठी भाषीक होने पर भी अधिकतर हिन्ही में रहा। उसका फल यही है।

यह साल १९४१-४२ होगा। मै उस समय दादर को रहता था। शिवाजी पार्क के आसंमत में मै जीस वास्तु में रहता था, उसका नाम था 'नारायणदास सदन' यह मकान श्रीमती ठाकुर नाम के एक विधवा का था। मै भाडेकरु था।

नये से आयी संधी का सोना करने के लिए मैरे ईर्षासे सभी प्रतिभा लगाकर तर्ज लगाना शुरु कर दिया। तर्ज की परख्न के लिए विभीन्न वाद्य भी साथ के लिए मै संभालता था। मेंडोलीन यह मेरा अत्यंत पसंत का वाद्य था। वह हाथ तें लेकर उसके स्वर में स्वर मिलाकर मै वक्त बेवक्त गाते बैठता था।

एक सावली देखने में सुदर लडकी वह गाणा सुनने के लिए मेरे रुम के आसपास दिखाइ्र दी। उसे गाना या बोलने की भी सोय नही थी। वह घरमालक की बडी लडकी थी। यह मुझे मालुम था। उस लडकी को मै कई दिन से दखता रहा था। उसके बारे में सुन रहा था। वह बहुत हुषार है, कर्तबगार है, बुध्दीमान है ऐसा मेरा मत हो गया था। उसके साद में हुकुमत थी। चनले में आत्मविश्वास था। आंखो में एक प्रकार की चमक थी। माँ का घर वही चलाती थी। मकान की डागडुजी, परिवार में जो नही चाहीए वह, भाडेकरु की वसुली यह सभी काम वह करती थी। उसकेशादी की उम्र निकल गयी थी। छोटी बहणा शादी होकर अपने-अपने घर गयी थी। उसमें के एक का पती मेरा अच्छा दोस्त हो गया था। उसने उपनी प्रेम कथा मुझे सुनाई थी।

"प्रेम" इस शब्द का धक्का मैने खा लिया था। और फिर भी उस लडकी के बारे में मेरे दिल में कुछ अन्दर ही अन्दर चल रहा था। और कुछ बोलने की हिम्मत नही थी। मै पागल सा इस विषय में मेरी पुरी खात्री हो गयी थी। उसके हुशारी की कई कंथाए उनकेही रिश्तेदारों से सुनी थी।

एक शाम के समय मुझसे रहा नही गया। मै मेंडोलीन छेडते बैठा था। अपन-अपने मालकी के घर में रहते है यह भाव उसके आंखो में से एकाकी गायब हुये सरीका लगा। मैने पुंछा कौन है?

मै रतन!

'फिर बाहर क्यों, अन्दर आवो ना'

वह अन्दर आयी। थोडी लज्जीत हुई उस शाम के समानही सुंदरता उसके मुखपर दिखाई दी।

'मेरा एककाम था', उसने कहां।

बोलोना! मै बोला।

मुझे मेंडोलीन सिखना है। सिखाएंगे?

नही बोलनेका तो मेरे मन को लगाही नही। उलट बडे ताव से बोला 'जरुर-जरुर, आते जांओ ना रोज'

रतन ठाकुर मेरे यहां मेंडोलीन सिखने के लिए आने लगी। प्रत्यक्षरुप से वाद्य जल्दी बजाते आना चाहीए इस उद्देश से मै उसे पद बजाने का सिखने लगा। मुझे लगता है वह पद गो।म।रांगणेकर ने लिखा था। उस समय वह बहुतही लोकप्रिय था।

"यह कोण मुसाफीर आया मेरे व्दार?"

गीत में का मुसाफीर उसके दरवाजे पर आया था। मै तो उपना नायिका के घर में ही रहता था। उसे मेरे में क्या जचा वह मुझे आज भी नही कह सकता। मुझे वह अधिक पसंद आयी, वह उसके हुशारी के कारण। उसके सरीकी सहचारीणी अगर मिली तो अपना भी सुखी संसार होगा। अपना घरदार होगा। ऐसे अर्धबंबले विचारों ने मुझे घेरा था। संगीत प्रयोजन शुरु ही था और भी कुछ योजना का मनोरा मेरा मन रच रहा था। और एक शुभ क्षण में उसने मुझे बडे चतुराई से पुंछा 'अकेले कब तक रहोगे?'

पारिवारीक भविष्य के विषय में पुर्णरुपसे अंधेरे में विचरण करनेवाले मन ने उस प्रश्न से काजव के पंख मिले। अन्दर ही अन्दर कही तो भी एक प्रकाश झोत दिखने लगी। वह प्रकाश भी मेरे काम मे उजाला भरता गया।

उस समय मेरी सगी मां मेरी छोटी बहन पार सहने के लिए आनेवाला था। और मुझे नारायणदास सदन का सामान दुसरी ओर ले जाना पडा। नजदीक ही दुसरी ओर स्थानांतर किया मां और शकु मुंबई में आयी।

फुल छुपने से खुशबु छुपती नही। हमारे प्रेम का गुपीत जल्दी ही खुला। उसकी मां को मालूम हुआ। मेरी मां को पता लगा। हमारी दोनो की मुलाकात होती थी। प्रेम बढते गया। हमारा दोनो के ही मातृदेवतांओ ने उलग दी उद्योग शुरु किया। दोनो भी अपनी अपनी पाल्या की निंदा खुले रुप से करने लगे। मेरी मां को दुसरे जात की बहु नही होनी थी। उसकी मां को दरिद्री दामाद नही होना था। बहन का कही जमने के पहले ही इन दोनो ने हंगामा मचा दिया था। मेरी मां ने मुझे बहुत भला बुरा बोला। और लडकी को लेकर वह नाना के घ रचली गयी। मै मेरी यातना नही लिखता उससे उभरने की हिम्मत है मुझमे उन भगवान का मै बार बार आभारी हुं।

घुस्से से निकल गयी मेरी मां। दो माह में फिरसे आ गयी। शायद नाना से उसका झगडा हो गया होगा। मेरे शादी के बारे में फिर वह बोली नही। मैने भी उसे बताया नही। हमने विचारपुर्वक निर्णय लिया था। मेरे विचारों का मुखवटा हमेशा अविचार से भरा प्रतीत हो रहा था। (रतन ठाकुर को उसके घर में बेन कहते थे) और मै शादी करनेवाला हुं यह बात बेन का छोटा जमाई कालन को मालूम थी। वह हमारे पक्ष का था। भगवान तो मेरे साथ ही था। पाप हो या पुण्य भगवान हमेशा मेरे साथ होता था। राजा जोशी नाम का एक और मित्र हमारे साथ सामील हो गया था। उसकी भी सहानुभुती मुझे मिली थी।

इस शादी का समारंभ होने की कोई गुंजाइश नही थी। सारा मामला गुपचुप में ही निपटाना पड सकता है। मेरे संग्रह में कीचन के वांदे थे। बेन की मुखत्यारी उसके मां ने बरखास्त कर डाली थी। शादी माटुंग के "आर्यसमांज" मे करना पडेगा ऐसा मित्र मंडल ने तय किया। दिन भी निश्चीत हुआ, १९ नवम्बर १९४२।

बीच के काल में बेन और कालन इनहेने मेरी कुंडली एक बडे आदमी को दिखाई थी। जगन्माता की आराधना कर अपना प्रापंचीक जीवन अत्यंत सुख से व्यथीत करनेवाले गृहस्थ काम नाम आरोलकर था। वह टाईम्स ऑफ इंडिया के बडे औदे पर नोकरी को थे। जोतिष्य यह उनका धंदा था। लेकिन अडे हुये का हौसला बढाना उनका स्वभाव था।

मै भविष्य में बहुत बडा संगीत दिग्दर्शक बनुंगा यह आरोलकर ने कहा। बेन का उसपर बहुत विश्वास था। और क्या क्या मेरे भविष्य के बारे में क्या बताया क्या मालूम बेन का निश्चय तय था।

वह दिन आया। मै और मेरे मित्रो ने पुरा कार्यक्रम पहले ही फिक्स किया था। भगवान, राजा जोशी और कालन इतने बाराती। शादी को बत्तीस तहत्तीस रुपये से अधिक खर्च नही आनेवाला था। कुछ लेना नही था कुछ देना नही था। और मेरे पास था भी क्यां, टोपी भी नही थी। एखाद टोपी लाना जरुरी था। वह काम राजा जोशी ने स्विकारा।

उस दिन हमेशा की तरह काम पर गया। मां और शकु को इसकी शंका भी नही आयी। मेरे चेहरे पर कुछ न कुछ भाव आये होंगे जरुर। पर उनको वैसा कुछ दिखा नही।

वक्त पर टॅक्सी से दुल्हन को लाने के लिए मै उसके घर गया। मेरी कल्पना थी की वह बहुत ही अधिर होगी। हर पल उसे युग की तरह लगता होगा। सुंदरसा पेहराव कर वह चोरों की भांती हलचल कर अन्दर बाहर कर रही होगी। लेकिन प्रत्यक्ष दृश्य वह अलग ही। बिलकुल जिसकी अपेक्षा नही की जा सकती वह। मेरी दुल्हन घुटनो में गर्दन डालकर रो रही थी। क्या हुआ क्या मालुम?

"बेन", मैन आवाज दी। उसने उपर देखा। चल वक्त हो चुका वह चुपचाप, फिर जोरजोर से रोने लगी।

याने हुआ क्या?

मेरी मां।

क्या हुआ उसका?

मुझ पर घुस्सा होकर घर से चली गयी।

फिर?

मुझे डर लगता है?

कैसा?

वह अपना अच्छा बुरा न करले।

मुझे बहुत घुस्सा आया। मै उसपर घुस्सा नही हुआ। उसके जन्मदायीपर घुस्सा नही किया। घुस्सा किया मैने मेरे नसीब पर। भगवान को उद्देश से जो बोलना था वह सभी कठोर शब्द मैने उस दुल्हन को सामने रखकर कहा। आखीर में तीरछा लेकिन दबे आवाज में चिल्लाया। तुझे आणा होगा तो आ, नही तो।

बेनने अश्रु रोके, शांत हुई। ऐसी अवस्थामें भी उसके चेहरेपर हंसी आयी। बारीश में धूप गिरे ऐसा ही कुछ तो भी गीरा। मां उसका घर, उसकी सांपत्तीक स्थिती इसकी कुछ भी परवाह न करते हुये वह उठी। उसने अपना वेश बदला। मुद्रापर भाव भी बदल दिया और वह सिधी गाडी में आकर बैठ गयी।

हम माटुंगा के उस आर्य समाज मंदीर में पहुंच गये। भगवान, कालन, राजा जोशी यह सभी आये थे और फिर क्या इतनाही की मेरी शादी हुई। मंडप नही, बोहले भी नही, गौरीपुजा नही, बहन नही, बारात नही, वाजंत्री नही। कुछ भी नही। मेरी शादी हो गयी। मै विवाह बंधन में बंध गया।

उस हुशार लडकी ने मेरे में जो भी होशीयारी नही थी उसको भर निकालने के लिए हाथ सामने किया। पुरोहीत ने वैदीक मंत्र मुझे में उच्चारीत किये। धर्मेच अभेय कामेच नतिचरामि, नतिचरामी, नतिचरामी।

शादी खतम हुई। हम सभी लोग एक देशी खाणावल में जाकर भोजन किया। मै उपर से हंस रहा था। दोंस्त मेरी मजाक मस्करी कर हे थे। लेकीन अब यादों के पहाड तुट पडे थे। उसमें के मधुभक्षीका मेरे कलेजे को नोच रही थी। आज बडी मां नही थी, भाई नही था, गोदुताई को खत लिखकर बुलाना कठीन नही था। लेकिन वह मै नही कर सका। सगी मां घर में थी। उसे शादी में आना ही नही था। मुझे चाहीए थी वह बीबी मिली। बाकी सब यातना थी। दु:ख था।

शाम हो गयी सौ.चितळकर को साथ में लेकर घर में प्रवेश किया। मां घुस्से में थी। मैने और मेरी बीबीने जोडी से उसको नमस्कार किया। मेरा ह्रदय भर आया था। बोलना तो था ही। उसके चरण को स्पर्श करते समय मैने बोला मां चरण छुता हुं। शादी करके आया हुं।

पांव को किसी कीडे ने काटा हो ऐसे ही मां पिछे सरक गयी। घुस्से से बोली। मेरे क्यो पैर पडता है? जिससे शादी की है उसके ही पांव पड। मां का आशिर्वाद इस प्रकार मिला। घर में प्रवेश इस प्रकार हुआ। मेरी सुवासीनी संसार मे आयी वह इस वातावरण में।

उस दिन मे भी गती थी। दिन का भगवान समन्दर के विशालता में खो गया।

रात हुई। मुझे और मेरे पत्नी को उस घर में जगह नही थी। दोही रुम थे। एक में मेरा दोस्त राजा जोशी रहता था। दुसरे में मां और शकु।

हमने अपना बिछाना गॅलरी में बिछाया। नव विवाहीत दांपत्य की वह पहली रात इस प्रकार आयी। दोनो के दिल में आपने दिल का भार था। रात भर नींद आयी नही। एक बात हुई रात में चांद का दर्शन हुआ। चंद्र को

पुरावा रखकर उतने कठीन प्रसंग में भी हम एक दुसरे के हो गये। प्रथम मिलन की रात को आकाश में चंद्र था। अलिंगन का आनंद सही में मीठास से लदलद था।

दुसरे दिन मां घुस्से से निकल गयी। काका प्रधान नाम के एक दोस्त ने हमें जगह दी। मै और मेरी बीबी उस नये घर मे रहने गये।

हरिश्चंद्रशवका सुखी संसार चित्र स्टंट होकर भी यशस्वी हुआ। पंधरा सप्ताह चला व सिनेमा। मै यशस्वी संगीतकार के रुप मे उभर आया। इधर हमारा भी सुखी संसार शुरु हुआ। बेन ने अपने स्वयं कलागुणों से उसका चीज किया।

जोड खोली को साफ सुथरा कर बंगले को रुबरु बनाया। दिन सुख से बितने लगे। उसकी सुंदरता और चतुराई के सहवास में मेरे अन्दर की सभी यातना मिल गयी।

एक दिन जयंत देसाई इस दिग्दर्शक ने मुझे बुलाया। पत्नी का पांव गुण लाभांकीत हुआ। हर महिने तिनसौ रुपये तनख्वाह पर जयंत देसाई ने मेरा चुनाव संगीत दिग्दर्शक के रुप में किया।

करार करते समय उसने एक अडचण बतायी वह बोले तुम्हारा नाम बिलकुल मराठी लगता है।

तो क्या करें?

बदल दे।

कैसे?

शादी में दुल्हन का बदलता है। हमारी शादी में वैसे प्रसंग नही आये। शादी के बाद मेरा नाम बलदने का वक्त आया। उसका मुझे अचरज लगा। जयंत देसाई ने चुना की स्क्रीन नेम लिजिये कुछ।

मैने सोचा खुब सोचा। उस समय व्ही.शांताराम यह नाम भारतीय सीनेसृष्टी मे रुपरी परदेपर बिजली की तरह तडप रहा था। उसका यश अमाप था। मराठी में जन्म लेकर उसका नाम परे भारत में लिया जाता था। वणकुद्रे इस उच्चार दुर्लभ मराठी नाम को उसे दिया हुआ संक्षिप्त रुप मुझे अच्छा लगा। मैने जयंत देसाई को कह दिया। परदेपर मेरा नाम "सी .रामचंद्र" आना चाहिए।

मैने पुंछा मेरे जिवन में संतती योग बोलो आरालकर हंस दिये और बोले। दुनिया में असंख्य लडके होते है। वह सभी अपनी ही है। किसी के भी भाग से भागे।

यानें?

आरोलकर नही बोले। उसने लक्ष्मी का योग बोला। किर्ती का योग कहा। प्रवास के योग का कहा। परदेश में जाने के योग के विषय में कहा। लेकिन संतती के बारे में एक शब्द भी नही काह। वह बात दिल में खलती रही। मेरा भाग्य ही वैसा होगा तो भगवान क्या बतायेगा, मेरा सर।

भाग्य को आकार देनेवाले भगवान की करुणा मिले यह मुझे फालतू ही लगने लगा। उतने में जाधव नाम के मेरे एक मित्रने मुझे शिरडी साईबाबा के दर्शन के लिये चलने के बारे में पुंछा। मैने हां कह दिया। और बेन को लेकर शिरडी गया।

मै ब्राम्हण घराने का आदमी। पुणतांबे को रहनेवाला। गोदा के पानी में डुबा हुआ। मेरे घर के सामने जागृत गजानन था। पिताजी गये तब मुझे भगवान यादी अया। और उसके बाद अब मैने शिरडी में प्रवेश किया। लेकिन मुझे एक अनामिक सुगंध ने मोहित किया। वैसा सुगंध मैने कही भी अनुभव नही किया था। इस जगह से अपना कुछ तो जरुर रिश्ता है ऐसा मुझे महसुस होने लगा। साईबाबा की समाधी और उसके पास की तस्वीर देखकर मुझे आनंद हुआ। उस बुढे फकीर की आंखो में मुझे बडी मां, भाई, गोदुताई दन सब के चेहरे दिखे। हमे कोई तो भी सहला रहा है ऐसा लगने लगा। आंखे भर आई। लगा हमे आज तक कोई भी नही ऐसा लगने लगा था। अब आधार मिल गया।

'बेन बाबा के सामने नारीयल रख', मैने कहा।

बेन ने बाबा के समाधीपर हार चढाया। उद्बत्ती जलाई। नारीयल रखा। वह नारीयल सडा निकला। अन्दर के खोबरे का काला कपास हुआ था। मेरे दिल में कुछ हुआ। गर्भीणी औरत ने चढाया हुआ नारीयल सडा है। मुझे फालतू ही नाना के घर के वह बैरागी की याद आयी। उसका दुःखीत मन याद आया। मैने कुछ भी नहीं बोला। लेकिन अन्दर ही अन्दर मन में कुछ लगने लगा।

१९४३ मे मई महिने में हम साईबाबा के दर्शन के लिए शिरडी गये थे। सत्पुरुष के समाधीपर चढाया नारियल सडा निकलना इस घटना से बेन बहुत दुःखी हुई। मै भी दिल में डर गया था। लेकिन एक दो घंटे में मेरा मन ठिकाणेपर आ गया। और कहां, हम को आगे का दिखता नही है इसीलिए हम यहां अये है।

उसने हां कहकर बोला लेकिन बाबा ने यह क्या दिखाया?

क्यां?

चढाया हुआ नारीयल सडा हुआ।

तुने लगाया हुआ अर्थ बाबा के मन में थोडा हो सकता है।

मुझे वैसा लगा।

लगता वैसा होता नही।

फिर मै क्या करु?

बाबा पर विश्वास रख मृतो को संजिवनी देने का सामर्थ्य है उनमें।

मै और कुछ बोल गया। उसे हर तरह से समझाते हुये शब्दो से उसे उत्साहीत करने तथा संबारने का प्रयत्न किया। थोडा क्यों न हो लेकिन यश आते दिखाई दिया। बेन ने आंसू पोछे। उसके फिकट चेहरे पर फिर से चांदणी तैरणे लगीं।

अच्छे खासे दो तीन दिन हम शिरडी में रहे। उद-धुप के सुगंधसे भरे हुये इस श्रध्दा नगरी में मुंबई को हम भुले समान ही हो गये। मेरा संगित निर्मीती का अहंकार वहां के आडेतेडे भजन के आगे भक्त के जैसा हात जोडते रहा।

शिरडी छोडते वक्त मन प्रसन्न था। अपने उपर परमेश्वर की कृपा है इससे वह निश्चीत हो गये थे।

सडे नारीयल की कहानी बेन के दिमाग से निकल गयी थी। बाबा के तस्वीर के सामने नतमस्तक होकर हमने शिरडी से प्रस्थान किया।

हम मुंबई मे आये। मेरा संगित रचना का काम हमेशा की तरह शुरु रहा। बेन के पेट में का प्रेमांकुर दिन पर दिन बढता जा रहा था। वह और भी सुंदर दिखने लगी। उसके उस आनंद गर्भ आकृती की ओर देखते समय अैसे ही मुझे मेरी पुरानी प्रेमकहानी याद आने लगी। खुद के इबलीस रुप की बार बार हंसी आ रही थी।

छः महिने पुरे होकर सातवा माह लगते ही वह और खुबसुरत दिखाई देती थी। कैसा तो भी दुसरा आलस्य उसके अंग अंग में भरा हुआ दिखाई देता था। बहार आनेपर लदा हुआ पेड झुकता है, लजाता है देखनेवालो को वह और शोभायमान दिखता है। बेन वैसी दिखने लगी। मै उसकी बहुत देखभाल करता था। उसके मैके के लोग भी उसकी देखभाल करते थे।

मै कुछ अमीर नही हुआ था। लेकिन अब गरीबी भी नही रही थी। वह एक नामांकीत स्त्री रुग्णालय में गयी होती तो भी पैसे की कमी नही थी। मै एक शाम में उसको कहा बाई साहब, पुरंदरे, शिरोडकर ऐसे नामांकीत डॉक्टर के यहां जाओ।

क्यों? वह बोली।

पहिलीबार है। खबरदारी लेनी चाहिए।

कुछ नही महंगे डॉक्टर।

ता फिर किस दवाखाने में जायेगी तू?

जाऊंगी प्रभादेवी के उपरके दवाखाने में।

छि!

क्यों?

वह सार्वजनिक दवाखाना।

फिर क्या हुआ। मेरी बहना की जचकी वही हुई। नजर लगेगी ऐसे लउके है उन्हे।

मेरी हुशारी काम न आयी। बीबी अपने से भी हुशार है यह मुझे शादी से पहले ही मालूम था। वैसे ही उसके मैके के लागों का अनुभव मेरे सामने रखा। मै निरुत्तर हुआ। नही बोलनेपर भी आरोलकर ने किया भविष्य और बाबा के सामने फुटा हुआ खराब नारियल मुझे डर बता रहा था। मै फालतू ही बकवास किया।

बेन, पोर्तुगीज चर्च के पास एक डॉक्टर दांपत्य है।

कौण?

डॉ.सेन और मिसेस सेन।

फिर?

वह बहुत प्रसिध्द है।

उन्हे सिर्फ तेरी प्रकृती बता। जचकी के लिये लगे तो प्रभादेवी में जा।

क्या मालुम वह कैसी कबुल हो गयी। उसने अपनी प्रकृती डॉ.सौ.लिला सेन को दिखाया। उस मॅडम ने उसे दिल से जांचा वह चिंताजनक स्वर में बोली, मी.चितलकर तुम्हारा बच्चा बहुत भारी है। उसका सर बडा है। शायद सिजरीन ऑपरेशन से उसे बाहर निकालना पडेगा। घबराओ मत इन्हे अभी से हमारी ओर रखो। मै डर गया। केवल हां कह कर वहां से निकले।

बेन को मैने बार बार कहां की, बेन तु सेन के हॉस्पीटल में जाओ। बेन हुशार, बुध्दीमान, कर्तव्यशील। वह हंसकर बोली, तूम इतना घबराते क्यों हो।

ये डॉक्टर लोग पैसे निकालनेवाले होते है। छोटे का बडा करके बताते है।

ऐसा कैसा थोडा कचराते हुये बोला। डॉक्टर का शास्त्र डॉक्टर को अधिक मालूम होना चाहिए। बेन ने कहां, डॉक्टर को पैसे कैसे निकालना यह मालूम है। मै चुप हो गया। पेट मेंदर्द होने लगा वैसे ही बेन उसके मैके के परिचित प्रभादेवी अस्पताल में चली गयी। मैं अपने काम से गया। बेन अस्पताल में गयी। वह वक्त शाम का था। रातभर उसे बहुत तकलीफ हुई। वेदना और भी बढती गयी। रात में उस अस्पताल में कोई भी डॉक्टर नही था। उसके क्या हाल हुये और वहां के अनुभवी सेविकाने उनपर किस प्रकार उपचार किये होंगे कुछ भी मालुम नही।

दुसरे दिन मै साढे दस के दरम्यान भगवान के ऑफीस में बैठा था। भगवान का भाई शंकर भी था। सायं. समय न होते हुये भी चाय की चुश्की लेकर बातों में खोये थे। भगवान बार बार कह रहा था। अण्णा तुम अब बाप बनोगे। मुझे अंदर ही अंदर आनंद महसुस होता था। एक तर्ज को रचना करते समय असीम आनंद होता है। एक तर्ज से कितना आनंद मिलमा है फिर मै तो एक चलतेबोलते लडके का बांप होनेवाला था। एक नये जन्म का जनक होनेवाला था। एक अनभिज्ञ आनंद मुझे संतोष दे रहा था। एक अनामिक चिंता दिल में घर कर गयी थी। इतने में प्रभादेवी का संदेश लेकर कोई तो भी आया। आये हुये व्यक्ती ने कहा बाई की जचकी हो गयी।

मै, भगवान और शंकर उठे और अस्पताल की ओर गये। दादर से प्रभादेवी के प्रवास में मेरा गोकुल मुझे याद आाया। मै बाप हो गया इस बात से मेरा कलेजा थंडा हुआ। मै बहुत खुश हुआ। हम अस्पताल में आये। डॉक्टर के सामने आये। मुझे बेन को देखना था। मेरे अपत्य को देखना था। कृत्यकृत्य हुई रात और जल्दी ही उपर आया हुआ सुरज इन दोना का दर्शन लेना था।

डॉक्टर ने हमे रोका। बैठने को कहा। मेरी अधिरता आंखो में से राह देख रही थी। मै युंही इधरउधर देखने लगा।

डॉक्टर ने कहां, मिस्टर चितलकर बच्चा बहुत प्रयास से छुडाना पडा।

कहां है वह? मैने उत्सुकता से पुंछा।

डॉक्टर चुप रहे। कुछ देर के बाद बहुत ही शांत स्वर में उन्होने कहा बच्चा गया।

और बेन? मै चिल्लाया।

वह ठीक है।

उस अवस्था में भी मैने श्वास लिया। उठ खडा हुआ और बोला, वह मेरा बच्चा कम से कम बताओ तो मुझे।

जरुर, डॉक्टर ने कहा। वह उठे और चलने लगे। मै, भगवान और शंकर उनके पिछे पिछे गये।

एक टेबल पर बच्चे का मृतदेह सफेद कपडे में लपेटा हआ था। मेरा बच्चा मारे रक्त मांस का व पींड। वह जन्मते ही चेतनाहीन हो गया था। पियानो के सभी स्वरो पर एकदम आघात होने की वजह से कोई अबोध नाद उत्पन्न हुआ ऐसे मस्तीश्क को लगा। उमंग के चलते संयम तुट गया। मै रोने लगा। वह अस्पताल है, यह सार्वजनिक जगह है यह भूल ही गया था। वह बच्चा जिंदा होता तो सारी दुनिया देखकर आवाज किया होता। ऐसा ही मैने किया। भगवान ने मेरे पीठ पर से हाथ घुमाया। खुद की आंखे पोंछने लगा।

आरोलकर ने किया हुआ भविष्य मुझे सताने लगा। उनकी प्रसन्न खाली मुर्ती भगवान के रुप में पीठ पर से हाथ घुमाने लगी। और नाना के घर का वह गोसावी, उसने रचा हुआ राख का गोलाकार, उसका तडपना, साईबाबा के सामने फोडा हुआ खराब नारियल वह काला काला खोबरा मुझे भी असह्य होने लगे। किसी ने तो भी मेरे दोनो कान अपने हाथों से दबाये रखे। और मेरी गर्दन एक दिशा में हो गयी। एक टक मैने सामने देखा। साईबाबा की वृध्द चित्राकृती मेरी आंखों में स्पष्ट दिखी। मस्तकपर कपडा बांधे सारे जिवनमात्रा का दु:ख का परिमार्जन करनेवाला वह सत्पुष बहुत ही मंद स्पर में मुझे बोला, 'मेरी तु देख, मै तेरी देखुंगा', बस मेरी आवाज रुक गयी। आंखे साफ हो गयी।

फिर मै रोया नही। बेन को मिला। फिर भी मेरी आंखो में पानी नही आया। मेरे खुद के अर्भक का प्रेत लेकर मै निर्वीकार स्मशान में गया। निर्वीकार उसका दफन किया। साडेतेरा पौंड वजन का वह पुर्ण विकसीत देह मां की कोख से आया और भू माताके कोख में फिर से निद्राधीन हुआ।

यह सब किसलिए हुआ, किसको मालुम।

मेरे जैसे को वह कभी समझेगा नही। साईबाबा को शादय समझा होगा। लेकिन समझकर भी क्या फायदा? किस भावना से और किस विचार से मै बोला कौन जाने। मैने भगवान से कहां, 'भगवान अपना पहिला सिनेमा फ्लॉप हो गया। तत्वज्ञान का मुंह खोलता मेरी आंखो के सामने घुमने लगा। दिल से गर्दन हिलाई वह मेरी कान पकडने लगे। घुस्से से चिल्लाने लगे। अरे पत्नी का सुना और पेट का बच्चा मट्टी में मिा दिया। वह उस सेन डॉक्टर की ओर जाती तो, तेरे हांतो से गाडा गया वह बच्चा तेरा हाथ पकडकर चलते हुये पाया होता।

उपदेश का निरंतर स्वर और दिस का बेसुर चिल्लाना मुझे असह्य हुआ। मै वैसे ही निकला और स्टुडीओ में पहुंचा। अन्दर जाते ही आश्चर्य करते हुये एक परिचित स्वर ने कहा,

कमाल हो गयी।

कैसी? मैने पुंछा।

कैसी क्या राव?

बोलनेवाला व्यक्ती मेरे पहचान का था। लेकिन उस समय उसका नाम याद नही था। उसने मेरा हाथ पकडा उत्साह वर्धक हस्तांदोलन कर अर्जा से कहा, भक्तराज यह तुम्हारी पहिली फिल्म पहले ही सिनेमा ने रौप्यमहोत्सवसे अच्छा किया। और कया चाहिए, गो अहेड। मुझे नमस्कार करते हुये वह व्यक्ती जल्दी में चला गया। फिर भी वह कौन था इसका अहसास नही हुआ।

वह गया तो मुझे लगा कितनी विरोधी घटना एक ही समय में घटीत हुई। मैने संगीत दी हुई पहिले सिनेमा ने रौप्यमहोत्सव अच्छा किया था। और मैने जन्म दिया हुआ बालक उपजतेही मट्टी में गाड दिया था। इश्वर की

लीला नाट्य कहते है वह कितना सच कितना असत्य। योगायोग भी ऐसा कि मेरे पहले सिनेमा का नाम भी भक्तराज था। उसमे के सारे गीतो की सुरताल यह कह रहे थे की, इश्वर की महिमा अगाध है। उसका खेल किसी को भी समझा नही।

जो होना था वह हो चुका। मै फिर से काम मे लग गया। डॉक्टर ने कहा था पत्नी से तुम दुर रहना। साल दो साल तो भी संयम बरतो। मै तो उपभोग का लालची आदमी। विवाहीत और ब्रम्हचारी मेरे लिए ना के समान था। ना इलाज होकर मैने संगीत रचना की ओर ध्यान दिया। उस समय बेन और मै में एक ताकीद का अलग पण खुदब खुद उत्पन्न होने लगा। मेरा पिना बढ गया। सुर और सुरा में मै डुब गया।

जयंत देसाई प्रोडक्शन की फिल्म तयार होती रही। उस हर एक सिनेमा का संगीत लोकप्रिय हुआ। जबार, मनोरमा, ललकार, चंद्रगुप्त इन सभी सिनेमाने जयंत देसाई को लाभ मिला दिया। मेरे में अहंकार जागृत हुआ। अब अपने को मेहनताना अधिक मिलना चाहिए। मुझे ऐसा लगने लगा। इतने में कहा से तो भी धिमा आवाज मेरे कानो में आयी। नये फिल्म के नायक के रुप में अव्दितीय गायक, नायक कुदनलाल सैगल यह देसाई के नये सिनेमा के लिये हिरो के रुपमें आनेवाले है।

सैगल रसिको के गंले का ताबीज था। कर्ण के कवच कुडल के समान सोने का स्वर लेकर वह उपजा था। उस स्वर सम्राट के लिए तर्ज बनाने का काम मुझे मिलनेवाला है इस वार्ता से मै पागल हो गया। उस पागलपण को तुरंत ही एक थप्पड बरसी। स्टुडीओ के एक जबाबदार व्यक्ती ने मुझे कहा की, इस सिनेमा के संगीत दिग्दर्शक की जिम्मेदारी लाल महंमद नाम के किसी नये दिग्दर्शक पर सौंपी जा रही है।

कोण यह लाल महंमद? मेरा अहंकार बोला। लाल महंमद, गुलाम हैदर इस महान संगीत दिग्दर्शक का चेला। फिर दिल ने कहा काई भी होगा। मैने भी पांच सिनेमा किया। मै भी तो कुछ हुं।

मेरे में अहंकार जागृत हुआ और मै देसाई के ऑफीस में गया। मुझे जो लगता था वह बोल गया,

मेरी तनख्वाह बढनी चाहीए।

मालक ने पुंछा कितना?

एक हजार, मैने मेरी दृष्टी से बडा आकडा बताया।

कठीण है।

क्यों?

मै कामगारो की तनख्वाह उनके मर्जी से नही बढाता। मेरे दिल में जब आयेगा तब बढाता हुं।

मेरा बढाना चाहिए ऐसा नही लगता?

लगता तो है।

फिर?

तिनसो के पांचसौ करुंगा। इससे अधिक छेसौ।

मुझे हजार चाहिए।

मुमकीन ही।

क्यों?

मै तम्हे एक माह चान्स देनेवाला था।

कैसा?

सैगल के सिनेमा को संगीत देने की। ध्यान में रखना, सैगल यह सैगल है।

देसाई का कहना ठीक था। सेगल के सुवर्ण दाद से मेरी तर्ज बहुत ही मुल्यवान साबीत होनी थी। लेकिन मुझ कलाकार के अंकारने ही पछाडा था।

मै पागल के समान बडबडाया, सैकल सैकल आहे तर मी ही सी।रामचंद्र आहे। देसाई ने हंस दिया और हंसते हंसते कहा, तुम्हारा कहना क्या है।

"हजार रुपये महिना दो नही तो"

नही तो क्या?

नही तो मुझे मुक्त करो।

जयंत देसाई ने एक क्षण का भी समय न बिताते हुये कहा, जाना चाहते हो तो जाओ।

मै चुप बैठा और उन्होने ही पुंछा, कब जाते हो? आज ही की कल?

अब संभाषण बढाने में काई गुंजाईश नही थी। पिछे लेने में भी अपमान था। लाल महंमद के आगमन की चर्चा मेरे कानो मे आ गयी थी।

जयंत देसाई प्रॉडक्शन इस संस्था का मैने इस्तीफा दिया। फिर से बेकार हो गया। बेन को ऐसा करना पसंद नही आया। उसका चातुर्य मुझे फिर सतर्क करने लगा। "पारिवीक बनने के बाद ऐसा अहंकार छोड देना पडता है। मै उसकी सब बाते सुन रहा था। लेकिन मन में घुस्सा पैदा हो रहा था। शादी के पहले मेरा प्रेम उसके लिए सब कुछ था। मेरे सिवा उसे कुछ दिखाई नही देता था। शादी के बाद पांव के निचे जमीन भी उसे स्वर्ग लगती थी। अब उसके स्वभाव का काव्य खत्म हो गया था। व्यवहार यह गद्य वस्तु के काबीज में जाने इतनी

सामान्य हो गयी थी। उसे हुशारी के कारण ही मेरा प्रयत्न गया था। उसके बोलने को सहन करने के बाहर मै गया था।

वैसे बेन की कोई गलती नही थी। उसका कहना बराबर था। संसार कोई प्रेम के भार पर नही चलता। संसार चलाने के लिए पैसा लगता है। उसकी हुशारी से बच्चा गया। यह मेरा बिचार भी पागल सा था। मै उसका बाप था। लेकिन वह उसकी जन्मदात्री थी। वह बच्चा जाना ऐसा सपने में भी नही देखा जाता है। मै बहक गया था। आसीक था ही यह सच था।

अब आगे क्या? इसका बिचार भी मेरे दिमाग मे था। मार्ग दिख नही रहा था। घर में अच्छा नही लगता था। इसिलिए मैने भगवान का ऑफीस पकडा था।

एक बार दोपहर में सुप्रसिध्द हिंदी कवी प्रदिपजी खुद भगवान के ऑफीस में आये। मेरी और उनकी मुलाकात देसाई कंपनी में हुयी थी। अब उन्होने बडा नाम कमाया था। बॉम्बे टॉकिज के लिखे हुये गीत सारे हिन्दुथान में लोकप्रिय थे। वे आये तो मेरी पुछताछ के लिये। मै आगे हुवा। नमस्कार, कुशल मंगल होने को रहा वे एकदम बोले।

अण्णाजी चलो।

कहां?

फिल्मीस्थान में।

फिल्मीस्थान यह संस्था अभी अभी शुरुवात हुई थी। हिमांशू रॅाय इनके तालीम में तयार हुये शशीधर मुखर्जी यह सुविद्य गृहस्थ उस संस्था के कर्णधार थे। सफल सिनेमा प्रदर्शन करने में उनका बडा योगदान था। उनके बारे में मैने बहुत सुना था। वह बहुत ही चिकीत्सक थे। कलाकारों को अंगुठे के निचे रखकर और जैसा चाहे करवा लेते थे। ऐसे बहुत से प्रसंग उनके बारे में प्रचलीत थे। उनके साथ काम करने के लिए सभी कलाकार अधीर होते थे। यह भी सत्य था। मुझे उनके यहां काम मिलना चाहीए यह अपेक्षा थी। लेकिन मेने में से अहंकार की भावना अभी कम नही हुई थी। फिल्मीस्थान की ओर से आये प्रदीपजी से पुंछा,

'तनख्वाह क्या मिलेगी फिल्मीस्थान में?'

प्रदीपजी ने कहां, तुम चाहों सो।

एक हजार मांहवार, मेरे अहंकार के लेयलपर एक ही आंकडा बैठा थ।

ठीक है, माना। प्रदीपजी हंसते हुये बोले। फिर उसके बाद मेरा बोलना बंद हो गया। मौका खुद होकर आया था। उसे ना कहने में शहानपणा की बात नही थी। प्रदीपजी के साथ मै फिल्मीस्थान गया। श्री शशीधर मुखर्जी इन्हे मिला। मैने तनख्वाह का अपेक्षाकृत आकडा बोला। उन्होने हां कहां। करार हो गया और फिल्मीस्थान इस संस्था का संगीत दिग्दर्शक बना।

हरमाह हजार रुपये तनखाह मिलने की मेरी मनीशा पुरी हो गयी। लेकिन फिल्मीस्थान से कैसे क्या जमता यह मेरा मन बोल रहा था। फिल्मीस्तान के प्रमुख श्री शशीधर मुखर्जी इनके बारे में मैने बहुत कुछ सुन रखा था। अब उनके साथ काम करने का मौका आया। मुखर्जी इम्प्रेसीव्ह आदमी था। वह गोरा था। अपने सामने का व्क्ती अपना सेवक है ऐसा ही बर्ताव करनेवाला। यह प्रतिथ यश संपादन किया हुआ व्यवसाय में बडा प्रस्थ। उनके चारों ओर थुंक चाटनेवालो की भीड। मुखर्जी सहाब इस नाम का उच्चारण भी उसी ऐट में ही करते। सुननेवालो को लगता यह मुखर्जी याने कोई अदभूत व्यक्तीमत्व है।

